>

Title: Need for six lanning of NH-14 from Bayawar to Pindwara.

श्री बद्रीराम जाखड़ (पाली): सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य प्रहर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद और सदन को प्रणाम। हमारे एरिया में एनएच 14 ब्यावर से पिंड होकर गुजरती है। वर्ष 2001 में वहां सर्वे हुआ था। उस वक्त नौ हजार गाड़ियां आवागमन करती थीं। इसी तरह एनएच 65 अमृतसर से वाया जोधपुर होते हुए पाली के पास जुड़ती है। वहां पर तीन हजार गाड़ियां और जुड़ जाती हैं। इस तरह कुल 12 हजार गाड़ियां हो गयी हैं। आज के सर्वे के मुताबिक 20 हजार से अधिक गाड़ियां वहां से आवागमन करती हैं। वहां फोर लेन तो स्वीकृत हो गयी है, लेकिन हमारी मांग सिक्स लेन की है। पींपलियानाडा के पास आज से दस दिन पहले कुछ मजदूर बैठे थे, वे सारे के सारे मजदूर एक्सीडैंट में मारे गये। वहां किसी परिवार का भाई खत्म हो गया, किसी माता का बेटा खत्म हो गया और किसी महिला का पति खत्म हो गया।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आपकी जो डिमांड है, उसे आप बोलिये।

श्री बद्रीराम जाखड़ : हमारी डिमांड है कि जो फोर लेन रोड स्वीकृत की गयी है, उसे सिक्स लेन किया जाये। यह हमारी बहुत महत्वपूर्ण मांग है, क्योंकि वहां हमेशा एक्सीडैंट होते रहते हैं। हर दिन वहां कोई न कोई एक्सीडैंट होता है। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।